**सी एस आई आर- केन्द्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान**
**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्**
**दुर्गापुर**

संख्या 5/92/2016(4)-Rct. दिनांक:08.01.2020

# सूचना

**विषय: सीएसआईआर-सीएमईआरआई विज्ञापन क्रमांक 02/2018 के तहत ग्रूप.II (तकनीशियन- I) की भर्ती के लिए ट्रेड परीक्षा।**

दिनांक 14.05.2019 और 12.09.2019 के संस्थान के समसंख्यक सूचना के सिलसिले में यह सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि 'वेल्डर' और 'टर्नर' ट्रेड की भर्ती के लिए ग्रूप.II (तकनीशियन- I) का ट्रेड परीक्षा निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

| स्थान और अनुसूची | | |
|---|---|---|
| ट्रेड-नाम | वेल्डर | टर्नर |
| पद कोड | 180203 , 180208 & 180214 | 180217 |
| दिनांक | 24 – 25 जनवरी 2020 | 27 जनवरी 2020 |
| स्थान | एमएसएमई टूल रूम - कोलकाता (सेंट्रल टूल रूम एवं ट्रेनिंग सेंटर), लेक व्यू पार्क ग्राउंड के नज़दीक, सतीन सेन नगर, बोनहूगली औद्योगिक क्षेत्र, कोलकाता-700108 (पश्चिम बंगाल) | |

ट्रेड-परीक्षा के प्रत्येक पात्र अभ्यर्थियों के लिए ट्रेडवार और क्रमांकवार विस्तृत अनुसूची अनुबंध - I के तौर पर इसके साथ संलग्न है। ट्रेड-परीक्षा की प्रकृति योग्यता आधारित है। ट्रेड-परीक्षा में आर्हता प्राप्त करने वालों को लिखित प्रतियोगी परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। लिखित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के अनुसार अंतिम योग्यता क्रम सूची तैयार की जाएगी। यह सर्वसंबंधितों के लिए ध्यातव्य है कि विज्ञापन संख्या 02/2018 के पद कोड 180208 के तहत 'मेकेनिस्ट' और 'फिटर' ट्रेड सहित सभी शेष पद कोड के लिए ट्रेड-परीक्षा जल्द ही आयोजित की जाएगी, जिसका विवरण नियत समय पर अधिसूचित कर दिया जाएगा।

इसके अलावा सर्वसंबंधित अभ्यर्थियों की सामान्य जानकारी के लिए निम्नलिखित सूचनाएँ दी जाती हैं:

1. ट्रेड-परीक्षा के लिए चयन किए गए अभ्यर्थियों को उनके आवेदन पत्र में दिए गए पत्ते पर पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रण-पत्र भेजे जा रहे हैं।
2. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीएसआईआर-सीएमईआरआई, दुर्गापुर द्वारा जारी किए गए मूल आमंत्रण-पत्र को उसमें उचित स्थान पर अपने फोटो चिपकाकर लाएँ और साथ में फिलहाल का मान्य फोटो सहित पहचान प्रमाण और उसी की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी भी लाएँ। उम्मीदवारों को पहचान पत्र के स्व-सत्यापित फोटोकॉपी आमंत्रण-पत्र के साथ विधिवत स्टेपल कर पर्यवेक्षक / अधिकारी को सौंपना होगा। एडमिट कार्ड के निचला हिस्सा परीक्षा पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों को सौंप दिया जाएगा। भविष्य में संदर्भ के लिए एडमिट कार्ड के इस हिस्से को अभ्यर्थियों द्वारा सुरक्षित रखा जाना है।
3. ज्ञात हो कि किसी विशेष ट्रेड के लिए उन अभ्यर्थियों को एक सिंगल आमंत्रण-पत्र जारी किया जा रहा है जिन्होंने कई पद-कोड के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा ऐसे पात्र अभ्यर्थियों को ऐसे सभी पद कोड के लिए एकल परीक्षा (टेस्ट) में उपस्थित होना होगा।
4. जिन अभ्यर्थियों को अपना आमंत्रण-पत्र नहीं मिला है, वे डुप्लिकेट आमंत्रण पत्र (कॉल लेटर) जारी करने के लिए परीक्षा के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले वे अपने वैध साक्ष्य पत्रों की मूल प्रति और आवेदन के समय इस्तेमाल किए गए पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ अनुभाग अधिकारी (भर्ती), सीएसआईआर-सीएमईआरआई को रिपोर्टिंग स्थल पर रिपोर्ट करेंगे ।
5. परीक्षा स्थल पर बैठने की व्यवस्था हॉल टिकट नंबर के अनुसार की जाएगी, जिसे परीक्षा के समय उपयुक्त स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना हॉल टिकट नंबर नोट कर लें।
6. अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से अपने विवरण जैसे कि उनके नाम, रोल नंबर, हॉल टिकट नंबर इत्यादि प्रश्न पत्र पर उचित स्थान पर उल्लेख करें और उस पर अपना हस्ताक्षर करें।
7. अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि वे निर्धारित रिपोर्टिंग समय के दरमियान ही परीक्षा स्थल पर पहुँचें, जिसके बाद उन्हें परीक्षा स्थल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
8. तारीख / सत्र / केंद्र /स्थान के परिवर्तन के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।



पी.के.दास

9. यह ध्यातव्य है कि बायोमेट्रिक डेटा यानी अंगूठे का निशान और उम्मीदवारों की तस्वीर ट्रेड परीक्षा (टेस्ट) से पहले परीक्षा स्थल पर ले ली जाएगी। इस संबंध में परीक्षा स्थल पर परेशानी से मुक्त प्रविष्टि सुनिश्चित करने के लिए कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें:
   (क) यदि उंगलियां लेपित हैं (मुद्रांकित स्याही / मेहंदी / रंगीन आदि से) तो उन्हें अच्छी तरह से धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा के दिन से पहले कोटिंग पूरी तरह से हटा दी जाए।
   (ख) यदि उंगलियाँ गन्दी या धूल भरी हैं, तो फिंगर प्रिंट (बायोमेट्रिक) कैप्चर करने से पहले उन्हें धोना और उन्हें सुखाना सुनिश्चित करें।
   (ग) सुनिश्चित करें कि दोनों हाथों की उंगलियाँ सूखी हैं। यदि उंगलियां नम हैं, तो उन्हें सूखने के लिए प्रत्येक उंगली को पोछें।
   (घ) यदि कैप्चर की जाने वाली प्राथमिक उंगली घायल / क्षतिग्रस्त है, तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकरण को सूचित करें।
10. अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर किताबें, नोटबुक, पेजर, मोबाइल फोन आदि ले जाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थियों के सभी सामान कमरे / लैब / टेस्ट हॉल के बाहर रखे जाएंगे। परीक्षा लैब के बाहर अभ्यर्थी के निजी सामान की सुरक्षा के लिए परीक्षा केंद्र में कोई सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। परीक्षा संचालन एजेंसी इसके नुकसान या हानि (यदि कोई हो) के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।
11. अभ्यर्थियों से परीक्षा स्थल पर अनुशासित रहने की उम्मीद की जाती है। अभ्यर्थियों द्वारा अपने चयन/भर्ती के संबंध में उनकी ओर से या राजनीतिक या किसी अन्य बाहरी प्रभाव को लाने पर उस अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा। परीक्षा केंद्र पर अनुकूल माहौल बनाए रखने के लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और बाद में ठीक से व्यवहार करना चाहिए। अभ्यर्थियों को दुर्व्यवहार या अनुचित साधनों का उपयोग करने या किसी भी कदाचार के लिए दोषी पाया गया तो उसे अयोग्य ठहराया जाएगा और नियम के अनुसार उपयुक्त दंडात्मक कार्रवाई का भागी होगा।
12. अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि एडमिट कार्ड जारी करना या ट्रेड परीक्षा में भाग लेने मात्र से नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं मिलेगा या सीएसआईआर-सीएमईआरआई उनसे कोई रोजगार प्रस्ताव नहीं करेगा।
13. सभी आवेदकों के अभ्यर्थिता विशुद्ध रूप से अनंतिम हैं। यह ध्यातव्य है कि आवेदन पत्र में दी गई जानकारी और उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर आवेदकों की स्क्रीनिंग प्रक्रिया की गई है। चयन प्रक्रिया के दौरान या कार्यभार ग्रहण करने के बाद भी अगर पता चलता है कि वे पद के लिए पात्र नहीं हैं, तो उनके पास अपेक्षित योग्यता, अनुभव, निश्चित आयु से अधिक या उस श्रेणी से संबंधित नहीं है जिसके लिए उन्होंने दावा किया था, उनकी उम्मीदवारी को बिना किसी कारण बताए फौरन खारिज कर दिया जाएगा और इस संबंध में उचित कार्रवाई की जा सकती है।
14. परिस्थितियों के आधार पर निर्धारित परीक्षा देर शाम या अगले दिन तक जारी रहने की संभावना हो सकती है। इसलिए अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि यदि आवश्यक हो तो तदनुसार रहने आदि के लिए अपनी व्यवस्था वे स्वयं करें।

इस भर्ती अभियान की अन्य सभी जानकारी / अधिसूचना / शुद्धिपत्र / परिशिष्ट केवल संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा । इसलिए आवेदकों से अनुरोध है कि वे अपडेट के लिए वेबसाइट यानी www.cmeri.res.in का अनुसरण करें।

***ध्यान दें :*** *भाषा में हुई किसी भी अशुद्धि / विसंगती के लिए अंग्रेज़ी भाषा में दिनांक 30.12.2019 को जारी सूचना अंतिम व मान्य होगा।*

जी.ओ.दास
**प्रशासनिक अधिकारी**

*संलग्नक: अनुलग्नक - I (ट्रेड परीक्षा के लिए ट्रेड वार और क्रमांक वार विस्तृत कार्यक्रम)।*

प्रतियाँ:

1. सभी सूचना पट्ट
2. प्रमुख आईटी: संस्थान की वेबसाइट में इस सूचना को परिचालित करने के लिए ।
3. कार्यालय प्रति।